पंजाब केसरी 08/05/2025

# कर्त्तव्यों को ईमानदारी से निभाने की प्रेरणा दी



गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में मॉक ड्रिल से पूर्व एन.सी.सी. कैडेट्स को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त।

अम्बाला, 7 मई (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में बुधवार को प्रात: 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक एन.सी.सी. कैडेट्स ने सिविल मॉक ड्रिल की। इस अभियान में कॉलेज के 55 कैडेट्स ने भाग लिया, जिसमें 29 गर्ल कैडेट्स और 26 ब्वॉय कैडेट्स शामिल थे।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को राष्ट्र के प्रति निष्ठावान बनने और अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाने की प्रेरणा दी। इसके पश्चात् ए.एन.ओ. डा. नैन ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया और सी.टी.ओ. डा. तृप्ति शर्मा ने एक जानकारीपूर्ण व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का अगला चरण नर्सिंग फैकल्टी की टीम द्वारा संचालित किया गया। इसमें डा. पुनीत एवं ट्यूटर शिवानी ने कैडेट्स को फर्स्ट ऐड किट का प्रयोग और आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक उपचार कैसे किया जाए, इसकी विस्तृत जानकारी दी।

इसके बाद प्रथम हरियाणा बटालियन जी.सी.आई अंजलि और शिखा द्वारा कॉलेज के गांधी ग्राउंड में कैडेट्स को आपात परिस्थितियों में आम नागरिकों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने की एक व्यावहारिक मॉक ड्रिल करवाई गई।